भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1289
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अंतर्गत ओडिशा के लिए स्वीकृत धनराशि

†1289. **श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अंतर्गत ओडिशा के लिए आबंटित, संस्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अंतर्गत चिह्नित 55 स्थानों में से केवल एक स्थान ओडिशा में है;
(ग) क्या ओडिशा द्वारा स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के संबंध में कोई अन्य प्रस्ताव संघ सरकार को भेजा गया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी20) के रूप में परिवर्तित किया है। एसडी 2.0 योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन क्षमता का विश्लेषण करते हुए एक राज्य संदर्शी योजना (एसपीपी) तैयार करते हैं और पर्यटन मंत्रालय निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार देश में विकास के लिए गंतव्यों को चिह्नित करता है। तदनुसार, मंत्रालय ने एसडी 2.0 योजना के तहत विकास के लिए ओडिशा में 'कोरापुट' सहित देश में 55 गंतव्यों को अधिसूचित किया है।

****